# PAPER-II
# POPULATION STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________________
(In words)

**D 1 5 1 0**

Time : **1 $^1/_4$** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

## POPLATION STUDIES
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Which of the following is not correctly matched ?

(A) Hajnal's Method : Singulate Mean Age at Marriage
(B) Brass Formula : Digit Preference
(C) Reed and Merrel : Life Tables
(D) Chandrashekharan and Deming : Matching of Events

**2.** Which among the following country does not have Population Registers ?

(A) Sweden (B) Belgium
(C) Korea (D) India

**3.** The Whipple's Index is used to assess

(A) Relative preference of digits '0' and '5'
(B) Omission of dead children
(C) Degree of ageing of any population
(D) Failure to make entries of zero

**4.** The Census of India Act came in existence in

(A) 1942 (B) 1945
(C) 1948 (D) 1951

**5.** **Assertion (A) :** Northern States have a high population growth.

**Reason (R) :** Illiteracy is high in Northern States.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true and (R) is false.
(D) (A) is false and (R) is true.

**6.** The doubling time (t) of a given population with growth rate (r) is

(A) $t = \frac{\log^2}{r}$
(B) $t = \frac{\log_e{}^2}{r}$
(C) $t = \frac{\log_e{}^2}{2r}$
(D) $t = \frac{\log^2}{2r}$

**7.** Lexis diagram is a way for measuring

(A) Migration
(B) Nuptiality
(C) Mortality
(D) Fertility

**8.** Sex-ratio of India as per 2001 Census is

(A) 929 (B) 931
(C) 933 (D) 927

**9.** Following factors are important for a high growth rate of India's population :

1. Low literacy rate
2. Low women's status
3. Low life expectancy
4. Son preference

Find out the correct combination of answer according to the code :

(A) 1, 2 and 3 are correct.
(B) 2, 3 and 4 are correct.
(C) 1, 3 and 4 are correct.
(D) 1, 2 and 4 are correct.

## जनसंख्या अध्ययन

**प्रश्नपत्र – II**

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?
(A) हजनल विधि : विवाह के समय एकल माध्य आयु
(B) ब्रास फार्मूला : अंकीय अधिमान
(C) रीड एवं मेरिल : जीवन सारणियाँ
(D) चन्द्रशेखरन् एवं डेमिंग : घटनाओं का सुमेलित होना

**2.** निम्नलिखित में से किस देश में जनसंख्या के रजिस्टर नहीं हैं ?
(A) स्वीडन (B) बेल्जियम
(C) कोरिया (D) भारत

**3.** व्हीपल्स अनुक्रमणिका को किसके मूल्यांकन में प्रयुक्त किया जाता है ?
(A) अंक '0' और '5' का सापेक्ष अधिमान
(B) मृत शिशुओं को छोड़ना
(C) किसी जनसंख्या के वृद्धावस्था की ओर बढ़ने की मात्रा
(D) शून्य (0) सम्बन्धी प्रविष्टियाँ करने में असफलता

**4.** भारत में जनगणना अधिनियम कब बना ?
(A) 1942 (B) 1945
(C) 1948 (D) 1951

**5.** **अभिकथन (A) :** उत्तरीय राज्यों में जनसंख्या की वृद्धि अधिक है ।
**तर्क (R) :** उत्तरीय राज्यों में निरक्षरता अधिक है ।
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**6.** किसी प्रदत्त जनसंख्या का वृद्धि दर (r) से दुगुनी होने का समय (t) है
(A) $t = \frac{\log^2}{r}$
(B) $t = \frac{\log_e{}^2}{r}$
(C) $t = \frac{\log_e{}^2}{2r}$
(D) $t = \frac{\log^2}{2r}$

**7.** लेक्सिस डायग्राम किसकी माप है ?
(A) प्रवसन
(B) वैवाहिकता
(C) मृत्यु
(D) प्रजनन

**8.** भारत में 2001 की जनगणना के अनुसार लैंगिक अनुपात है
(A) 929 (B) 931
(C) 933 (D) 927

**9.** निम्न कारक भारत की जनसंख्या के ज्यादा वृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं
1. निम्न साक्षरता दर
2. स्त्री का निम्न स्तर
3. निम्न जीवन प्रत्याशा
4. पुत्र वरीयता

कूट के आधार पर सही समुच्चय का चयन कीजिए :
(A) 1, 2 और 3 सही हैं ।
(B) 2, 3 और 4 सही हैं ।
(C) 1, 3 और 4 सही हैं ।
(D) 1, 2 और 4 सही हैं ।

**10.** **Assertion (A) :** Population projection based on component method gives better estimates.

**Reason (R) :** Component method includes both age and sex composition of the population.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**11.** According to 2001 Census, the percentage of 60 years and above population to total population is around :

(A) 5 percent (B) 7 percent

(C) 9 percent (D) 11 percent

**12.** Among the Southern States of India, female age of marriage is still low in which one of the following States ?

(A) Andhra Pradesh

(B) Karnataka

(C) Kerala

(D) Tamil Nadu

**13.** **Assertion (A) :** In India, the proportion of aged 60 years and above is slowly increasing.

**Reason (R) :** Mortality rates among aged 60 years and above are higher.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**14.** According to 2001 Census, arrange the major States of India in descending order based on their overall sex-ratio (females per 1000 males) :

(A) Kerala, Andhra Pradesh, Tamil Nadu, Chattisgarh

(B) Kerala, Chattisgarh, Tamil Nadu, Andhra Pradesh

(C) Kerala, Tamil Nadu, Andhra Pradesh, Chattisgarh

(D) Kerala, Tamil Nadu, Chattisgarh, Andhra Pradesh

**15.** Match the following with the term and names given in List–I and List–II respectively :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Regional Model Life Tables | (i) Hajnal |
| (b) Singulate Mean Age at Marriage | (ii) Brass |
| (c) Theory of Stable Population | (iii) Lotka |
| (d) P/F Ratio Method | (iv) Coale-Demey |
| | (v) Sheps |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**16.** **Assertion (A) :** Age at marriage of females is steadily increasing in India.

**Reason (R) :** Proportion of females getting higher education is increasing in India.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

10. **अभिकथन (A)** : जनसंख्या का प्रक्षेपण, जो घटक विधि (component method) पर आधारित होता है, से बेहतर आकलन प्राप्त होते हैं ।

**तर्क (R) :** इस विधि में जनसंख्या की आयु और लिंग दोनों को लिया जाता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

11. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार 60 वर्ष या इससे ऊपर की जनसंख्या की कुल जनसंख्या प्रतिशतता लगभग कितनी थी ?

(A) 5 प्रतिशत (B) 7 प्रतिशत

(C) 9 प्रतिशत (D) 11 प्रतिशत

12. भारत में दक्षिण के राज्यों में से किस राज्य में स्त्री-विवाह की आयु अब भी निम्न है ?

(A) आन्ध्र प्रदेश

(B) कर्नाटक

(C) केरल

(D) तामिलनाडु

13. **अभिकथन (A)** : भारत में, 60 वर्ष अथवा इससे ऊपर के लोगों के अनुपात में धीरे धीरे वृद्धि हो रही है ।

**तर्क (R) :** 60 से या इससे ऊपर वालों की मृत्यु दर उच्चतर होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

14. 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत के प्रमुख राज्यों में कुल लैंगिक अनुपात (प्रति 1000 पुरुषों में स्त्रियाँ) के आधार पर उन्हें अवरोही क्रम में दर्शाइए ।

(A) केरल, आन्ध्र प्रदेश, तामिलनाडु, छत्तीसगढ़ ।

(B) केरल, छत्तीसगढ़, तामिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश ।

(C) केरल, तामिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ ।

(D) केरल, तामिलनाडु, छत्तीसगढ़, आन्ध्र प्रदेश ।

15. सूची – I (शब्द) और सूची – II में दिये गए नामों में सुमेल बिठाइए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) क्षेत्रीय मॉडल जीवन सारणियाँ | (i) हजनल |
| (b) विवाह के समय एकल माध्य आयु | (ii) ब्रास |
| (c) जनसंख्या का स्थायी सिद्धान्त | (iii) लोटका |
| (d) पी/एफ अनुपात विधि | (iv) कोले-डेमे |
| | (v) शेप्स |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (v) | (iv) |
| (D) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

16. **अभिकथन (A)** : भारत में स्त्रियों के विवाह की आयु में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है ।

**तर्क (R) :** उच्च शिक्षा प्राप्त करने में स्त्रियों का अनुपात बढ़ रहा है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

17. Which of the following is not matched correctly ?

(A) CBR : Considers total population in the denominator

(B) ASFR : Total women in each group in the denominator

(C) GRR : Considers mortality

(D) ASMFR : Total married women in each group in the denominator

18. **Assertion (A) :** Rural fertility is higher than the urban fertility.

**Reason (R) :** Literacy among urban population is higher than the rural population.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

19. A relationship between curtate expectation of life ($e_x$) and the expectation of life at birth ($\mathring{e}_x$) is

(A) $e_x = \mathring{e}_x + \frac{1}{2}$

(B) $e_x = \mathring{e}_x - \frac{1}{2}$

(C) $e_x = \mathring{e}_x - 1$

(D) $e_x = \mathring{e}_x + 1$

20. Which one of the following countries has the highest expectation of life ?

(A) Australia (B) Japan

(C) Canada (D) U.S.A.

21. According to NFHS 1, 2 and 3, the respective IMR of India were

(A) 79, 68, 57

(B) 85, 73, 62

(C) 78, 67, 56

(D) 81, 69, 57

22. Which one is <u>not</u> matched correctly ?

(A) Curtate expectation of life : $e_x = \mathring{e}_x - \frac{1}{2}$

(B) Modified IMR for given separation factor (f) : $\frac{f\,d_x}{b_{x-1}} + \frac{(1-f)\,d_x}{b_x}$

(C) Number of persons surviving beyond age $x$ : $L_x$

(D) Adjusted (Standardised) death rate of a given population A : $\frac{\sum M_x^A P_x^S}{\sum P_x^S}$

23. For construction of a life table, the following are necessary :

1. Radix
2. Force of mortality at each age
3. Number of persons at each age

Find out the correct combination of answer according to the code :

**Code :**

(A) 1, 2 and 3 are correct.

(B) 1 and 2 are correct.

(C) 1 and 3 are correct.

(D) 2 and 3 are correct.

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) सी बी आर : हर में कुल जनसंख्या को लिया जाता है ।

(B) ए एस एफ आर : हर में प्रत्येक समूह में कुल स्त्रियाँ

(C) जी आर आर : मृत्यु पर विचार करता है ।

(D) ए एस एम एफ आर : हर में प्रत्येक समूह में कुल विवाहित स्त्रियाँ

**18.** **अभिकथन (A) :** ग्रामीण प्रजनन नगरीय प्रजनन से अधिक है ।

**तर्क (R) :** नगरीय जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या की अपेक्षा साक्षरता अधिक है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**19.** जीवन की करटेट प्रत्याशा ($e_x$) और जन्म पर जीवन की प्रत्याशा ($e_x^\circ$) का परस्पर सम्बन्ध है

(A) $e_x = e_x^\circ + \frac{1}{2}$

(B) $e_x = e_x^\circ - \frac{1}{2}$

(C) $e_x = e_x^\circ - 1$

(D) $e_x = e_x^\circ + 1$

**20.** निम्नलिखित में से किस देश में जीवन प्रत्याशा अधिकतम है ?

(A) ऑस्ट्रेलिया (B) जापान

(C) कनाडा (D) यू.एस.ए.

**21.** एन एफ एच एस 1, 2 और 3 के अनुसार, भारत का आई एम आर थे

(A) 79, 68, 57

(B) 85, 73, 62

(C) 78, 67, 56

(D) 81, 69, 57

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?

(A) करटेट जीवन संभाव्यता : $e_x = e_x^\circ - \frac{1}{2}$

(B) प्रदत्त अलगाव मद (एफ) के लिए विकृत आई एम आर : $\frac{f\,d_x}{b_{x-1}} + \frac{(1-f)\,d_x}{b_x}$

(C) उन व्यक्तियों की गिनती जो आयु एक्स से आगे जीवित हैं । : $L_x$

(D) किसी प्रदत्त जनसंख्या A (ए) का समायोजित (मानक) मृत्यु दर : $\frac{\sum M_x^A P_x^S}{\sum P_x^S}$

**23.** जीवन सारिणी बनाने में निम्न का होना आवश्यक है :

1. मूल संख्या (रैडिक्स)
2. प्रत्येक आयु पर मृत्यु संख्या की सबलता
3. प्रत्येक आयु पर व्यक्तियों की संख्या

कूट के अनुसार सही समूह का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) 1, 2 और 3 सही हैं ।

(B) 1 और 2 सही हैं ।

(C) 1 और 3 सही हैं ।

(D) 2 और 3 सही हैं ।

**24.** **Assertion (A) :** Process of urbanisation is highly imbalanced due to dominance of metropolitan cities.

**Reason (R) :** Regional Disparity in India is increasing over the years.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is not the right explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the right explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**25.** **Assertion (A) :** Large countries with few States conceal realities of socio-cultural traits of people.

**Reason (R) :** Inter-State migration intra of people is less than that of inter-State migration.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is not the right explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the right explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false and (R) is true.

**26.** Match List-I with List-II :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Law of Primate City | (i) | Mark Jafferson |
| (b) | Cumulative Causation Model | (ii) | Gunnar Myrdal |
| (c) | Nearest Neighbour Index | (iii) | Clark and Evans |
| (d) | Multiple Nuclei Model of Urban Land Use | (iv) | Harris and Ullman |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**27.** The low sex-ratio (female per thousand male) in the Mega-cities of India is on account of

(A) Female marriage migration

(B) Female foeticide

(C) Census undercount of female

(D) Sex-selective migration

**28.** The Census of India 2001 collected migration data on :

(i) Place of last residence

(ii) Duration of residence

(iii) Reasons for migration

Find the correct answer :

(A) (i), (ii) and (iii)

(B) (i) and (ii) only

(C) (i) and (iii) only

(D) (ii) and (iii) only

**29.** Who, among the following, first propounded the Theory of Demographic Transition ?

(A) Plato

(B) Malthus

(C) Notestein

(D) Blacker

**30.** Limits to Population Growth are set by

(A) Sustainable use of World' Resources

(B) Climate change and Global Warming

(C) Agricultural Production and Food Supply

(D) Available Information Technology

24. **अभिकथन (A)** : महानगरों के प्रभुत्व के कारण नगरीकरण की प्रक्रिया बहुत असंतुलित है ।

**तर्क (R) :** भारत में क्षेत्रीय असमानता पिछले वर्षों से बढ़ रही है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

25. **अभिकथन (A)** : कम राज्यों वाले बड़े देशों में लोगों की यथार्थ सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताएँ छिप जाती हैं ।

**तर्क (R) :** लोगों का अन्तर राज्य प्रवसन अन्तरा राज्य प्रवसन से कम होता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

26. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) प्राइमेट सिटी का कानून | (i) मार्क जेफरसन |
| (b) संचयी कारण मॉडल | (ii) गुनर मिरडल |
| (c) निकटतम प्रतिवेशी अनुक्रमणिका | (iii) क्लार्क एवं ईवान्स |
| (d) नगर भूमि उपयोगिता का बहु न्यूक्लेई मॉडल | (iv) हेरिस एवं उल्मान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

27. भारत के बड़े नगरों में लैंगिक अनुपात (प्रति 1000 पुरुषों में स्त्रियाँ) के कम होने का कारण है

(A) लड़कियों के विवाह के कारण प्रवसन

(B) कन्या भ्रूण हत्या

(C) जनगणना में स्त्रियों की अध: गिनती

(D) लिंग-चयनित प्रवसन

28. सन् 2001 की जनगणना में प्रवसन सम्बन्धी आँकड़ों को एकत्र किया गया

(i) अन्तिम आवास का स्थान

(ii) आवास की अवधि

(iii) प्रवसन के कारण

सही उत्तर दीजिए :

(A) (i), (ii) और (iii)

(B) केवल (i) और (ii)

(C) केवल (i) और (iii)

(D) केवल (ii) और (iii)

29. निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने जनांकिकीय संक्रमण सिद्धान्त का प्रतिपादन किया ?

(A) प्लेटो

(B) माल्थस

(C) नोटेस्टीन

(D) ब्लैकर

30. जनसंख्या की वृद्धि की सीमाएँ निर्धारित की जाती हैं

(A) विश्व स्रोतों के धारणीय प्रयोग द्वारा

(B) मौसम परिवर्तन एवं वैश्विक ऊष्णता

(C) कृषि उत्पादन और खाद्य सप्लाई

(D) उपलब्ध सूचना प्रौद्योगिकी

31. Which one of the following does not explain the laws of urbanization ?

(A) Push and Pull factors
(B) Distance-Decay function
(C) Law of Gravity
(D) Dispersal and Segregation

32. Which one of the following is not directly related to man-environment relationship ?

(A) Shifting cultivation
(B) Canal irrigation
(C) Land productivity
(D) Lift irrigation

33. Which one of the following indicators is not included in working out the Composite Index of Human Development ?

(A) Longevity
(B) Literacy
(C) Per Capita Income
(D) Age at Marriage of Females

34. **Assertion (A) :** Environmental pollution is increasing in Metropolitan Cities in India.

**Reason (R) :** Large-scale industries have considerably increased in Metropolitan Cities.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

35. Ecological balance is disturbed by one of the following human activity :

(A) Vertical zonation of land use
(B) Adopting watershed as a unit for integrated development
(C) Mining and quarrying
(D) Conservation of underground water

36. As per SRS, life expectancy at Birth ($e_0^\circ$) for female in 2004 (midyear) is higher than male by

(A) 0.5 years (B) 0.8 years
(C) 1.1 years (D) 1.4 years

37. Arrange the following States in descending order in terms of Expectation of life at birth for female :

(A) Kerala, Maharashtra, Punjab, Tamil Nadu
(B) Punjab, Kerala, Tamil Nadu, Maharashtra
(C) Maharashtra, Kerala, Punjab, Tamil Nadu
(D) Kerala, Punjab, Maharashtra, Tamil Nadu

38. Which one of the following is <u>not</u> associated with Women' Empowerment ?

(A) Reservation in Parliament
(B) Compulsory Schooling in 6-14 years' age group.
(C) Medical Termination of Pregnancy (MTP)
(D) Child-care Leave

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा नगरीकरण की विधियों को स्पष्ट नहीं करता ?

(A) 'धकेलो' और 'खींचों' (Push and Pull) कारक

(B) दूरियाँ-ह्रास कार्य

(C) गुरुत्व सिद्धान्त

(D) बिखराव और अलगाव

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा प्रत्यक्षतया मानव-पर्यावरण सम्बन्धों से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) स्थानांतरण कृषि

(B) नहरी सिंचाई

(C) भूमि उत्पादनता

(D) उत्थापित (लिफ्ट) सिंचाई

**33.** निम्नलिखित संकेतकों में से कौन सा संकेतक मानवीय विकास के सम्मिश्र अनुक्रमणिका बनाने में शामिल नहीं किया जाता ?

(A) जीवन की दीर्घता

(B) साक्षरता

(C) प्रतिजीव आय

(D) स्त्रियों के विवाह की आयु

**34.** **अभिकथन (A) :** भारत के महानगरों में प्रदूषण बढ़ रहा है ।

**तर्क (R) :** महानगरों में भारी उद्योगों की गिनती में वृद्धि हुई है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**35.** पर्यावरण-संतुलन निम्नलिखित में से किस एक मानवीय क्रिया द्वारा असंतुलित होता है ?

(A) भूमि का ऊर्ध्वी क्षेत्रीय प्रयोग ।

(B) एकीकृत विकास के लिए एक इकाई के रूप में जल-विभाजक को अपनाना ।

(C) खनन् एवं खदान खोदना ।

(D) भूमिगत जल का संरक्षण ।

**36.** एस आर एस के अनुसार स्त्री की जन्म पर जीवन-संभाव्यता ($e_0^\circ$) 2004 (मध्य वर्ष) पुरुषों की अपेक्षा कितनी अधिक है ?

(A) 0.5 वर्ष (B) 0.8 वर्ष

(C) 1.1 वर्ष (D) 1.4 वर्ष

**37.** स्त्रियों के लिए जन्म पर जीवन की संभाव्यता के आधार पर निम्नलिखित राज्यों को अवरोही क्रम में दर्शाइए :

(A) केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, तामिलनाडु ।

(B) पंजाब, केरल, तामिलनाडु, महाराष्ट्र ।

(C) महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, तामिलनाडु ।

(D) केरल, पंजाब, महाराष्ट्र, तामिलनाडु ।

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा स्त्री-सशक्तिकरण से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) संसद में आरक्षण

(B) 6-14 आयु वर्ग के बच्चे की अनिवार्य शिक्षा

(C) गर्भावस्था का मेडिकल समापन

(D) शिशु सुरक्षा छुट्टी (अवकाश)

**39.** Which one of the following is not associated with Reproductive Health of Women ?

(A) RTI

(B) Teenage Pregnancy

(C) Infertility

(D) Nuptiality

**40.** In India the share of female migration as compared to male is higher in which of the following migration-streams ?

(A) Rural to Rural

(B) Rural to Urban

(C) Urban to Urban

(D) Urban to Rural

**41.** The National Population Policy 2000 set the goal of achieving replacement of fertility by all the States of India in the year :

(A) 2005

(B) 2010

(C) 2015

(D) 2020

**42.** Which one of the following is a measure to assess the impact of family planning programme ?

(A) Number of Births Averted

(B) Couple Protection Rate

(C) Achievement of Targets

(D) Effectiveness of Family Planning Methods

**43.** **Assertion (A) :** In India, marriage age of boys and girls have been legalised so as to control the level of fertility.

**Reason (R) :** Socio-cultural factors mainly determine the marriage ages of boys and girls.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**44.** Arrange different anti-natalist policies implemented in India in chronological order :

I. Incentives

II. Legalising age at marriage

III. Population Education

IV. Urbanising Rural Communities

**Codes :**

(A) IV, III, II, I

(B) III, II, I, IV

(C) II, I, IV, III

(D) I, II, III, IV

**45.** Arrange the following International Population Conferences held by chronological order :

I. Rome

II. Bucharest

III. Cairo

IV. Mexico

**Codes :**

(A) I, II, III, IV

(B) I, III, II, IV

(C) I, II, IV, III

(D) IV, III, II, I

39. निम्नलिखित में से कौन सा स्त्रियों के पुन: उत्पादन स्वास्थ्य से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) आर टी आई

(B) किशोरावस्था का गर्भ

(C) अप्रजनन

(D) वैवाहिकता

40. भारत में, निम्नलिखित प्रवसन धाराओं में से किस धारा में पुरुष-प्रवसन से स्त्री-प्रवसन अधिक है ?

(A) गाँव से गाँव

(B) गाँव से नगर

(C) नगर से नगर

(D) नगर से गाँव

41. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 द्वारा भारत के कुल राज्यों में प्रजनन के प्रतिस्थापन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कौन सा वर्ष (सन्) निर्धारित किया गया था ?

(A) 2005

(B) 2010

(C) 2015

(D) 2020

42. निम्नलिखित में से कौन सा परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभाव के मूल्यांकन का माप है ?

(A) निवारित जन्म संख्या

(B) दम्पत्ति सुरक्षा दर

(C) लक्ष्यों की प्राप्ति

(D) परिवार नियोजन विधियों की प्रभावशीलता

43. **अभिकथन (A) :** भारत में, लड़कों और लड़कियों के विवाह-आयु को कानूनी रूप दिया गया है ताकि प्रजनन स्तर को नियंत्रित किया जा सके ।

**तर्क (R) :** लड़के-लड़कियों की विवाह-आयु प्रमुखतया सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों द्वारा निर्धारित होती है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

44. विभिन्न जन्म-दर विरोधी नीतियाँ, जो भारत में लागू हैं, को कालक्रमानुसार दर्शाइए :

I. प्रोत्साहन

II. विवाह-आयु को कानूनी रूप देना

III. जनसंख्या शिक्षा

IV. ग्रामीण आबादी का नगरीकरण

**कूट :**

(A) IV, III, II, I

(B) III, II, I, IV

(C) II, I, IV, III

(D) I, II, III, IV

45. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या-कॉंफ्रेंसों को कालक्रमानुसार दर्शाइए :

I. रोम

II. बुचारेस्ट

III. कैरो

IV. मेक्सिको

**कूट :**

(A) I, II, III, IV

(B) I, III, II, IV

(C) I, II, IV, III

(D) IV, III, II, I

Read the following passage carefully and answer the following Question Nos. **46** to **50 :**

Greek thought on population developed by Sparta, was based on the concept of City-States. They believed that citizens were subordinate to State, and therefore, marriage and procreation of healthy children etc. depended on the needs of the City-States. Spartans, who were always warring with the neighbouring States, wanted to replenish the deficit in population by procreation. They encouraged rapid increase in population and rewarded people with large families who had many children. Plato was aware of the Demographic trends, so he proposed measures to be taken in order to maintain the desired size. He recommended infanticide, exposure and abandonment of deformed infants on grounds of eugenics. To remedy over-population, he proposed birth-control for large families, and if necessary, even colonization. If population decreased he recommended rewards, advice or rebuke to the young in order to increase the birth-rate and in the last resort, immigration. Thus Plato became the foremost exponent of Restrictionist point of view and effectively showed how citizens should limit themselves.

**46.** In this paragraph, population issues relate to

(A) Population Growth

(B) Sustainable Population

(C) Priorities of the City-State

(D) Immigration

**47.** Population issues are the factors of

(A) Needs of the City-State

(B) Marriage and Procreation

(C) Birth Control

(D) Colonization

**48.** The main thrust of the argument is on

(A) Population increase

(B) Population control

(C) Rewards & Punishment

(D) Effective Rule and Civil Order

**49.** The Impact of argument is not reflected on

(A) Citizens' behaviour to limit themselves

(B) Abandonment of deformed infants

(C) Marriage and Procreation

(D) Administrative set up of the City-State

**50.** The tone of the passage is best described as

(A) Analytical and Optimistic

(B) Biased and Unprofessional

(C) Critical and Discouraging

(D) Descriptive and Conclusive

निम्नलिखित परिच्छेद को ध्यान से पढ़िए और प्रश्न 46 से 50 तक के उत्तर दीजिए :

जनसंख्या सम्बन्धी ग्रीक विचारधारा, जिसका विकास स्पार्टा ने किया, नगर-राज्य (सिटी-स्टेट) की अवधारणा पर आधारित था । उनका विश्वास था कि नागरिक राज्य के अधीन होते हैं इसलिए विवाह एवं स्वस्थ बालकों का प्रजनन नगर-राज्यों की आवश्यकताओं पर आश्रित है । स्पार्टन जो सदैव पड़ोसी राज्यों से युद्ध में लगे रहते थे, वे जनसंख्या की कमी की भरपाई प्रजनन द्वारा करना चाहते थे । उन्होंने जनसंख्या की तेजी की अभिवृद्धि को बढ़ावा दिया और उन लोगों को पुरस्कृत किया जिनके परिवार में बच्चे अधिक थे, परिवार बड़ा था । प्लेटो इस जनसांख्यिकी रूझान के प्रति जागरूक थे इसलिए उन्होंने उन साधनों का प्रस्ताव दिया जिनसे परिवार के इच्छित आकार को बनाये रखा जा सकता था । उन्होंने सृजन वैज्ञानिक कारणों से शिशु भ्रूण हत्या, अनावरण और विकृत शिशुओं को छोड़ने की सिफारिश की । अतिजनसंख्या की समस्या को दूर करने के लिए, उन्होंने बड़े परिवार वालों के लिए जन्म-नियन्त्रण, यदि आवश्यक हो, उपनिवेशीकरण का प्रस्ताव दिया । यदि जनसंख्या में कमी आ गई हो तो उन्होंने नवयुवकों के लिए पुरस्कारों, सलाह-मशविरा और प्रताड़ना करने की सिफारिश की ताकि जन्म-दर को बढ़ाया जाए । और आखिरी निदान के रूप में उन्होंने आप्रवास का भी सुझाया । इस प्रकार प्लेटो नियन्त्रणवादी विचारधारा के अग्रणी प्रतिपादक बने और उन्होंने प्रभावशाली ढंग से यह दर्शाया कि किस प्रकार नागरिक अपने को सीमा में रख सकते हैं ।

**46.** इस परिच्छेद में जनसंख्या मुद्दे किससे सम्बन्धित है ?
(A) जनसंख्या वृद्धि
(B) दीर्घकालीन जनसंख्या
(C) नगर-राज्य (सिटी-स्टेट) की प्राथमिकताएँ
(D) अप्रवसन

**47.** जनसंख्या मुद्दों के कारक हैं
(A) नगर-राज्य (सिटी-स्टेट) की आवश्यकताएँ
(B) विवाह एवं प्रजनन
(C) जन्म-नियन्त्रण
(D) उपनिवेशीकरण

**48.** निम्नलिखित में से परिच्छेद में दी गई दलील का मुख्य बिन्दु कौन सा है ?
(A) जनसंख्या वृद्धि
(B) जनसंख्या नियन्त्रण
(C) पुरस्कार और दण्ड
(D) प्रभावी शासन और नागरिक आदेश

**49.** निम्नलिखित पर दलील का प्रभाव किसमें दिखाई नहीं देता ?
(A) नागरिकों के व्यवहार में जिन्हें अपने को सीमित करने के लिए कहा गया ।
(B) विकृत शिशुओं को छोड़ना ।
(C) विवाह एवं प्रजनन ।
(D) नगर-राज्य (सिटी-स्टेट) का प्रशासनिक ढाँचा ।

**50.** निम्नलिखित में से इस परिच्छेद के भाव को सबसे बढ़िया ढंग से वर्णित किया जा सकता है ?
(A) विश्लेषणात्मक एवं आशावादी
(B) अभिनत एवं अव्यावसायिक
(C) आलोचनात्मक एवं निरुत्साहसात्मक
(D) वर्णनात्मक एवं निर्णयात्मक